**4. तना छेदक**

- प्रभावित भाग काटें
- छेद में डाइक्लोर्वोस (5 g/10L) या क्लोर्पायरीफॉस 2–2.5 ml/L या केरोसीन डालकर बंद करें। (फल अवस्था में न करें)

**5. स्केल कीट (जून–जुलाई)**

- मैलाथियान 50% EC @ 1 ml/L (10–15 दिन अंतर)

**6. पत्ती काटने वाला वीविल**

- क्विनालफॉस 20 EC @ 2.5 ml/L

## प्रमुख रोग एवं नियंत्रण

**1. एन्थ्रेक्नोज/स्टेम एंड रॉट**

- रोगग्रस्त पत्तियाँ, टहनियाँ व फल एकत्र कर जला दें।
- बाविस्टिन (1 g/L) का 15 दिन के अंतर पर छिड़काव करें; कॉपर ऑक्सीक्लोराइड (3 g/L) से पत्तियों का संक्रमण नियंत्रित करें।
- कटाई से पहले हेक्साकोनाजोल (1 g/10L) या कार्बेन्डाजिम (1 g/L); अंतिम छिड़काव कटाई से 15 दिन पूर्व।
- गरम पानी उपचार 52°C (10–20 मिनट)।

**2. पाउडरी मिल्ड्यू (दिसंबर–फरवरी)**

- पैनिकल 3–4 इंच होने पर वेटेबल सल्फर (2 g/L) छिड़कें।
- 15–20 दिन बाद डाइनोकैप (1 g/L) का छिड़काव करें।
- पुनः 15–20 दिन बाद ट्राइडेमॉर्फ (1 g/L) छिड़कें।
- पूर्ण फूल अवस्था में छिड़काव न करें।

**3. मैलफॉर्मेशन**

- विकृत भाग हटाएँ; स्वस्थ ऊतक तक छंटाई करें।
- NAA 100–200 ppm (अक्टूबर–दिसंबर) या प्लैनोफिक्स 4.5 ml/L का छिड़काव करें. तथा दिसंबर–जनवरी/कली फूट अवस्था में डिब्लॉसमिंग करें।
- एज़ोक्सीस्ट्रोबिन + टेबुकोनाजोल 1–1.5 ml प्रति ली (प्रारंभिक अवस्था) छिड़कें।
- कली विभेदन व पुष्पन अवस्था में चिलेटेड जिंक (100 ppm) + कॉपर (40 ppm) तथा नवंबर–दिसंबर में कार्बेन्डाजिम (1 g/L) का छिड़काव करें।

**4. रेड रस्ट**

- बोर्डो मिश्रण (10 g/L) या कॉपर ऑक्सीक्लोराइड (3 g/L) का छिड़काव करें।

**5. बैक्टीरियल कैंकर**

- कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 2 g/L + स्ट्रेप्टोमाइसिन 0.3 g/L 10 दिन के अंतर पर 3 छिड़काव से फल संक्रमण कम होता है।
- जैव नियंत्रण हेतु *Bacillus coagulans* उपयोगी पाया गया है।

***नोट**: केवल स्वीकृत दवाओं का ही लेबल अनुसार उपयोग करें।*

## कटाई एवं उपज

- अवधि: मई–अगस्त
- ग्राफ्टेड पौधे 3–4 वर्ष में फलन (10–20 फल/पेड़)
- जल्दी/मध्यम/देर से पकने वाली किस्में: 80–100, 115–125, 130–150 दिन
- देर से कटाई पर जेली डिसऑर्डर का प्रकोप आता है।
- कटाई बाद केंद्र खोलना व अनावश्यक टहनियाँ हटाएँ।

## कटाई बाद प्रबंधन

- फल उल्टे रखकर दूधिया रस निकालें।
- गरम पानी उपचार 45–50°C + कार्बेन्डाजिम 0.5 g/L (1 घंटा); छाया में सुखाएँ।
- कोल्ड स्टोरेज: 13°C, 85–90% RH, 35–45 दिन (5-प्लाई CFB बॉक्स)

## आम का पकाना

- एथिलीन प्राकृतिक हार्मोन है। 6–8 क्विंटल फल 3×3×3 मी कक्ष में रखें; 5 L पानी + 10 ml एथ्रेल + 2 g कास्टिक सोडा (16–20 घंटे)। फिर बाहर निकालकर 2–3 दिन सामान्य ताप पर रखें।

***नोट: कैल्शियम कार्बाइड का प्रयोग न करें (प्रतिबंधित)***

**मुख्य सलाह:** संतुलित पोषण, कैनोपी प्रबंधन, IPM, वृद्धि नियामक एवं उचित कटाई बाद प्रबंधन अपनाकर अधिक उपज, बेहतर गुणवत्ता और अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।


**आलेख एवं प्रस्तुतीकरण**

अमोल कैलास जाधव, सुशील कुमार पुर्वे, पंच किशोर भारती, एस के सिंह, वी एस मीना, एवं नवीन कुमार पाटिल



**मार्गदर्शन एवं प्रकाशक: निदेशक, महात्मा गाँधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान,**

**पिपराकोठी, मोतिहारी, बिहार- 845429**



MGIFRI/ Ext. Fol./07-2026

प्रसार पुस्तिका


# आम की खेती: किसानों के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शिका



भाकृअनुप
ICAR


भाकृअनुप- महात्मा गाँधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान,

पीपराकोठी, मोतिहारी, बिहार-845 429

## आदर्श जलवायु एवं भूमि

- **जलवायु**: उष्ण से उपोष्ण; आदर्श तापमान 24–30°C (40–50°C तक सहन कर सकता है)
- **मृदा**: गहरी, अच्छी जलनिकास वाली बलुई दोमट; pH 5.5–7.5
- **वर्षा**: 750–2500 मिमी प्रति वर्ष (300 मिमी से कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी संभव)
- **परहेज**: जलभराव, भारी चिकनी मिट्टी, पाला, तेज गर्म लू

## किस्मों का चयन

**लोकप्रिय किस्में**: जर्दा, बम्बई, हिमसागर, किशनभोग, सुकुल, गुलाब खास, जर्दालू, लंगड़ा, चौसा, दशहरी, फजली, सीपिया, डालमा, बिजुक आदि
**उच्च उपज वाली अनुशंसित किस्में**: पुसा सूर्या, पुसा अरुणिमा, अर्का नीलाचल केसर, अंबिका
**संकर/उच्च घनत्व हेतु उपयुक्त**: आम्रपाली, मल्लिका, अर्का अरुणा, दशहरी, अरुणिका

## प्रवर्धन

- आम का प्रवर्धन शाकीय विधि से किया जाता है।स्टोन ग्राफ्टिंग (जून–सितंबर): सबसे सस्ती व तेज, 75–80% सफलता
- सॉफ्टवुड/विनीयर ग्राफ्टिंग: नर्सरी हेतु उपयुक्त
- इनार्चिंग: विश्वसनीय परंतु धीमी

## रोपण

- समय: जून–सितंबर (फरवरी–मार्च सिंचाई उपलब्ध होने पर)
- ग्राफ्ट जोड़ भूमि से 15–30 सेमी ऊपर रखें।
- गड्ढा: 1×1×1 मी (अप्रैल-मई में खुदाई करे; धूप में खुला रखें)
- प्रति गड्ढा: 20 किग्रा गोबर खाद, 250 ग्राम नीम खली,40–50 ग्राम थाइमेट (फोरेट 10G) का प्रयोग करे
- दूरी: सामान्य: 8×8 मी. या 10×10 मी.; उच्च घनत्व: 5×5 मी. या 6×6 मी.; अल्ट्रा हाई डेंसिटी: 2.5×2.5 मी. या 3×2 मी. (कैनोपी प्रबंधन आवश्यक)

## खाद एवं उर्वरक (प्रति पौधा/वर्ष)

| आयु | FYM | N | P | K |
|---|---|---|---|---|
| 1 वर्ष | 20 किग्रा | 80 g | 40 g | 80 g |
| 5 वर्ष | 50 किग्रा | 400 g | 200 g | 400 g |
| 10 वर्ष | 100 किग्रा | 800 g | 400 g | 800 g |

**नोट**: 1 से 10 वर्ष तक हर वर्ष N 80 g, P 40 g, K 80 g बढ़ाएँ (मृदा/पौधा/जलवायु अनुसार समायोजन)।

जुलाई–अगस्त: FYM + पूरा N + आधा P व K
अक्टूबर–नवंबर: शेष P व K
उर्वरक तने से दूर, कैनोपी के चारों ओर या ड्रिप लाइन में दें।

## सिंचाई

- नए पौधे: साप्ताहिक एक या दो बार सिंचाई करे।
- फलदार वृक्ष: अप्रैल–जून में 10–12 दिन पर करे।
- अक्टूबर–दिसंबर: फूल प्रेरण हेतु सिंचाई रोकें

## प्रारंभिक विकास एवं छंटाई (युवा पौध)

- 20–25 सेमी अंतर पर 3–4 मुख्य शाखाएँ
- ग्राफ्ट को 1 मीटर की ऊंचाई तक बढ़ने दें (एकल तना)।
- दिसंबर–जनवरी में 75–80 सेमी पर हेड बैक करे।
- 3–4 प्राथमिक शाखाएँ रखें; जून–जुलाई में 60–70 सेमी पर छंटाई कर द्वितीयक शाखाएँ रखें; प्रत्येक प्राथमिक शाखा पर 2–3 द्वितीयक शाखा रखें; उनसे 2–3 तृतीयक शाखाओ का विस्तार करे। पौधे की ऊँचाई 3–4 मी. रखें।

## नियमित फलन एवं पुष्पन तकनीक

- अनियमित फलन का कारण: किस्म, जलवायु, प्रबंधन
- नियमित छंटाई व कैनोपी प्रबंधन; मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक का प्रयोग करे।
- किस्म व जलवायु के अनुसार, बाली निकलने की अवस्था में IIHR मैंगो स्पेशल/सूक्ष्म पोषक मिश्रण @ 2 g/L प्रयोग करे।
- पैक्लोब्यूट्राजोल मृदा ड्रेंच @ 1–4 ml a.i./मी$^2$ (सितंबर–अक्टूबर). ***अति प्रयोग से बचें***
- विकृत पैनिकल हटाएँ (फरवरी-मार्च)
- फूल न आने पर $KNO_3$ 1–2% + यूरिया 0.5% का प्रयोग करे

***नोट: पूर्ण फूल अवस्था में कीटनाशक आदि न छिड़कें।***

## फल सेट

- NAA 20 ppm (2 g/100 L) – मटर अवस्था में छिड़कें।
- IIHR मैंगो स्पेशल/बोरॉन @ 2 g/L – मटर अवस्था में छिड़कें।
- बोरेक्स 2 g/L का अप्रैल–मई प्रयोग करे।

## अंतर-सांस्कृतिक क्रियाएँ

- बोर्डो पेस्ट (1:1:10) – अगस्त–सितंबर व दिसंबर–जनवरी
- खरपतवार नियंत्रण (अगस्त–सितंबर); मधुमक्खी बक्से लगाएँ
- मल्चिंग (घास/100 माइक्रॉन पॉलीथीन)
- दिसंबर–जनवरी में रेकिंग व क्लोर्पायरीफॉस डस्ट @ 25 g/पेड़
- डाई-बैक (अक्टूबर–दिसंबर): सूखी लकड़ी 5–10 सेमी हरे भाग तक काटें; कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 0.3% दो छिड़काव (15 दिन अंतर पर करे।)

## बोर्डो पेस्ट बनाने की विधि

(कॉपर सल्फेट + चूना + पानी = 1:1:10)
1 किग्रा कॉपर सल्फेट 5 L पानी में रात भर घोलें। 1 किग्रा चूना 5 L पानी में अलग घोलें। दोनों मिलाकर पेस्ट बनाएं। दो बार अगस्त–सितंबर व दिसंबर–जनवरी में कटे भाग/तने पर लगाएँ। आवश्यक हो तो क्लोर्पायरीफॉस 2.5 ml/L मिलाया जा सकता है।
**नोट**: ध्यान दें कि स्टील की बाल्टी का प्रयोग न करें, प्लास्टिक की बाल्टी का प्रयोग करें।

## पुराने बागों का पुनर्जीवन

- जनवरी में 3 मी. ऊँचाई पर हेड बैक करे।
- 4–5 स्वस्थ शाखाएँ रखें।
- 3 वर्ष बाद फलन पुनः शुरू

## अंतरफसल

**उपयुक्त**: दलहनी, सब्जियाँ, प्याज, टमाटर, दालें
**न लगाएँ**: मक्का, गन्ना, बाजरा
**फिलर**: पपीता, अमरूद, आड़ू

## प्रमुख कीट एवं नियंत्रण

### 1. फल मक्खी

- गिरे फल नष्ट करें; मिट्टी रेकिंग/जुताई करे।
- मिथाइल यूजेनॉल 10 ट्रैप प्रति हेक्टेयर (पकने से 45 दिन पहले)
- बेट स्प्रे: स्पिनोसैड 45% SC @ 0.4 ml/L या मैलाथियान @ 2 ml/L + 10% गुड़ या केला घोल (200 स्पॉट प्रति हेक्टेयर)
- डेल्टामेथ्रिन 0.0014% + अजादिरैक्टिन 3000 ppm (2 ml/L) – कटाई से 3 सप्ताह पहले का प्रयोग करे।
- आवश्यकता पर गरम पानी उपचार 48±1°C (45–60 मिनट) या 5% नमक डिप (1 घंटा) का प्रयोग करे।

### 2. मिली बग

- नीम तेल 3% या नीम आधारित कीटनाशी का प्रयोग करे।
- Cryptolaemus montrouzieri@10 लार्वा/पेड़ का प्रयोग करे।
- तने पर अल्काथीन पट्टी बाँधें (दिसंबर) तथा जनवरी के अंतिम सप्ताह में *Beauveria bassiana* (2 g/L) या 5% NSKE का प्रयोग करें।

### 3. आम हॉपर (जनवरी–फरवरी)

- साफ-सफाई; भीड़भाड़ से बचें।
- सायपरमेथ्रिन / इमिडाक्लोप्रिड 17.8% SL (0.3 ml/L) या थायमेथोक्साम + लैम्ब्डा सायहेलोथ्रिन पैनिकल निकलते समय पहला, 15 दिन बाद दूसरा छिड़काव करे।
- नीम तेल 3% या NSKE 5% छिड़काव करे।